gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 अगस्त 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-7 अगस्त 2019

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. डाक विभाग ने **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक** (IPPB) को किसमें बदलने का फैसला किया _____ **लघु वित्त बैंक (SFB)।**

नोट:

- इसके अलावा, विभाग IPPB के लिए 100 दिनों में एक करोड़ खाते खोलने पर भी विचार कर रहा है।
- डाक विभाग के बयान के अनुसार, यह निर्णय श्रीनगर में आयोजित मंडल प्रमुखों के वार्षिक सम्मेलन में लिया गया।

2. माल एवं सेवा कर (जुलाई 2019 के महीने में GST) के अंतर्गत कुल सकल राजस्व कितना था _____**1,02,083 करोड़ रुपये।**

नोट:

- इसमें केंद्रीय GST घटक 17,912 करोड़ रुपये और राज्य GST 25,008 करोड़ रुपये के साथ 50,612 करोड़ रुपये एकीकृत GST राजस्व शामिल था और उपकर संग्रह 8,551 करोड़ रुपये था।
- अप्रैल से जुलाई 2019 की अवधि के दौरान, घरेलू घटक में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि आयात पर GST में 0.2% की कमी आई है और कुल संग्रह में 6.83% की वृद्धि हुई है।
- अप्रैल और मई के महीनों के लिए GST मुआवजे के रूप में राज्यों को 17,789 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

3. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किन पर एक से दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया है _____ **सार्वजनिक क्षेत्र के सात बैंकों।**

नोट:

- RBI की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि इलाहाबाद बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 2-2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।
- ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।
- एक अलग विज्ञप्ति में, RBI ने कहा कि साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क के साथ-साथ धोखाधड़ी और इसकी रिपोर्टिंग पर मानदंडों के अनुपालन के लिए कॉर्पोरेशन बैंक पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।

4. चीन की राष्ट्रीय अग्रिम भुगतान प्रणाली (CNAPS) से जुड़ने वाला पहला भारतीय बैंक_____**भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (PBOC) द्वारा वर्ष 2008 में शुरू की गई CNAPS प्रणाली चीन में किए गए सभी भुगतानों और हांगकांग जैसे अपतटीय युआन केंद्रों में सभी बैंक निकासियों के लिए रीयल-टाइम सेटलमेंट सेवाएं प्रदान करती है।
- CIPS में पहले से ही दुनिया भर के कई देशों के प्रतिभागी शामिल हैं।

5. भारतीय रिजर्व बैंक की घोषणा के अनुसार, ग्राहकों के लिए **नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर** (NEFT) सुविधा कितने समय उपलब्ध होगी _____ **24 घंटे।**

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

नोट:

- RBI के गवर्नर **शक्तिकांत दास** के अनुसार, रिजर्व बैंक दिसंबर 2019 से NEFT प्रणाली को 24x7 आधार पर उपलब्ध कराएगा।
- वर्तमान में, रिजर्व बैंक द्वारा खुदरा भुगतान प्रणाली के रूप में संचालित NEFT भुगतान प्रणाली ग्राहकों के लिए महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छोड़कर सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध है।
- RBI ने बैंकिंग धोखाधड़ी से निपटने के लिए एक केंद्रीय भुगतान धोखाधड़ी सूचना पंजीयन प्रणाली बनाने का भी निर्णय लिया और कहा कि इसका विवरण बाद में साझा किया जाएगा।

6. भारत ने **संयुक्त राष्ट्र की फिलिस्तीन शरणार्थी एजेंसी** में कितनी धनराशि का योगदान दिया और संगठन के कार्यों के लिए निरंतर आर्थिक सहयोग करने का वादा किया_____ **5 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट:

- धनराशि का चेक फिलिस्तीन में भारत के प्रतिनिधि (ROI) सुनील कुमार द्वारा फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA) को यरूशलेम स्थित एजेंसी के मुख्यालय में सौंपा गया।
- UNRWA वर्ष 1950 से अपने पांच क्षेत्रों- जॉर्डन, लेबनान, सीरिया, वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वास्थ्य, शिक्षा, राहत और सामाजिक सेवाओं के साथ-साथ आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान कर रही है।

7. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट में कितनी कटौती की _____**35 आधार अंक।**

नोट:

- **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने मुंबई में वर्ष 2019-20 के लिए अपनी तीसरी **द्वैमासिक मौद्रिक नीति दरों** की घोषणा की है।
- RBI ने तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के तहत पॉलिसी रेपो रेट को तत्काल प्रभाव से 35 आधार अंक (bps) कम करके 5.75 प्रतिशत से घटाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया।
- यह लगातार चौथी बार है जब मौद्रिक नीति समिति ने दरों में कमी की है (प्रत्येक बार 25 आधार अंक)।
- फलस्वरूप, LAF के तहत रिवर्स रेपो रेट संशोधित होकर 5.15 प्रतिशत हो गई।
- सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर 5.65 प्रतिशत हैं।
- मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति के उदार रुख को बनाए रखने का भी निर्णय लिया।

वर्तमान नीतिगत दरें:

पॉलिसी रेपो रेट	5.40%
रिवर्स रेपो रेट	5.15 %
सीमांत स्थाई सुविधा दर	5.65%
बैंक दर	5.65%

श्रद्धांजलियां

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

1. कैफे श्रृंखला **कैफे कॉफी डे** (CCD) के संस्थापक जिनका निधन हो गया _____**वी.जी. सिद्धार्थ।**

नोट:

- श्री सिद्धार्थ का शव कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में नेत्रावती नदी में मिला।
- उन्होंने CCD के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया।
- कैफे कॉफी डे (CCD) कॉफी डे ग्लोबल लिमिटेड के स्वामित्व वाली एक भारतीय कैफे श्रृंखला है, जो कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी है।

2. बाएं हाथ के पूर्व महान गेंदबाज जिनका निधन हो गया___ **मैल्कम नैश।**

नोट:

- वह ग्लेमोर्गन के बाएं हाथ के महान गेंदबाज थे, जिन्होंने वर्ष 1966 से 1983 के बीच करियर में 993 प्रथम श्रेणी विकेट अर्जित किए।
- गारफील्ड सोबर्स द्वारा एक ओवर में छह छक्के मारने के बाद मैल्कम नैश मशहूर हो गए।
- यह पहली बार था जब किसी बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के मारे थे।

3. अनुभवी गुजराती पत्रकार, लेखक और समीक्षक जिनका मुंबई में निधन हो गया ___**कांति भट्ट।**

नोट:

- उन्होंने चित्रलेखा, मुंबई समाचर, जनशक्ति, संदेश, युवा दर्शन, जनसत्ता, व्यपार और अभियान जैसे विभिन्न गुजराती प्रकाशनों में पत्रकार, लेखक, समीक्षक और संपादक के रूप में काम किया।
- कांति भट्ट का जन्म 15 जुलाई, 1931 को गुजरात राज्य के भावनगर के सचरा गांव में हुआ था।

4. क्रिकेट कमेंटेटर जिनका मुंबई में निधन हो गया___ **अनंत सीतलवाड़।**

नोट:

- सीतलवाड़ ने टीवी के शुरुआती दिनों में अपनी रेडियो कमेंटरी की शुरुआत की थी और आकाशवाणी पर पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज और पूर्व चयन समिति के प्रमुख विजय मर्चेंट के साथ माइक पर काम किया था।
- वह अंग्रेजी भाषा पर अपनी मजबूत पकड़ के साथ आकाशवाणी पर खेल की प्रगति की तस्वीर उकेरते थे।

5. अनुभवी भाजपा नेता और पूर्व विदेश मंत्री जिनका नई दिल्ली में हृदय गति रुकने से निधन हो गया___ **सुषमा स्वराज।**

नोट:

- सुषमा स्वराज 7 बार संसद सदस्य (LS और RS) और 3 बार विधान सभा सदस्य (MLA) निर्वाचित हुईं थीं।
- वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में NDA ने आम चुनाव जीता, तो वह पहली महिला विदेश मंत्री बनीं।
- वह 13 अक्टूबर से 3 दिसंबर 1998 तक दिल्ली (5वीं) की पहली महिला मुख्यमंत्री भी रहीं।
- सुषमा स्वराज को वर्ष 2008 और वर्ष 2010 में दो बार सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार दिया गया।
- स्वराज को अमेरिकी दैनिक समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा भारत की 'सबसे पसंदीदा राजनीतिज्ञ' कहा गया था।

6. नोबेल पुरस्कार विजेता जिनका बीमारी के बाद निधन हो गया___ **टोनी मॉरीसन।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- मॉरीसन अपने समय के सबसे प्रतिष्ठित लेखकों में से एक थीं, जो एक उपन्यासकार, निबंधकार, संपादक और लघु कथा लेखिका थीं।
- उनकी सबसे पसंदीदा कृतियां 'बीलव्ड', 'सॉन्ग ऑफ सोलोमन' और 'द ब्लूस्ट आई' हैं।
- वह साहित्य में नोबेल पुरस्कार (वर्ष 1993 में) जीतने वाली पहली अफ्रीकी अमेरिकी महिला थीं।
- उनकी प्रशंसित पुस्तक 'बीलव्ड' के लिए उन्हें वर्ष 1988 में पुलित्जर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।
- उनकी पुस्तक सॉन्ग ऑफ सोलोमन को वर्ष 1977 में नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल अवार्ड प्रदान किया गया।

महत्वपूर्ण दिवस

1. स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक जिनका जन्म वर्ष 1876 में आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के पास हुआ था___ **पिंगली वेंकैया।**

नोट:

- यह उनकी 143वीं जयंती थी।
- वेंकैया द्वारा अभिकल्पित राष्ट्रीय ध्वज को अंततः 1921 में विजयवाड़ा में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधी द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- वर्ष 2009 में उनके स्मरणोत्सव के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट जारी किया गया था।

2. 'आदि पेरुक्कू' पर्व (या आदि मानसून पर्व) कहां मनाया गया _____ **तमिलनाडु।**

नोट:

- लोगों ने समुद्र तटों, झीलों और नदियों सहित बड़े जल निकायों के तट पर पूजा-अर्चना की।
- यह पर्व अगली फसलों के लिए बीज बोने के पारंपरिक मौसम के रूप में लोगों की नदियों के प्रति श्रद्धा को दर्शाता है।
- धर्मपुरी में होगेनक्कल जलप्रपात में, पर्यटकों और तीर्थयात्रियों ने 'आदि पेरुक्कू' पर्व में भाग लिया।
- आदि वर्तमान में चल रहे तमिल महीने का नाम है, और पेरुक्कू पानी की बाढ़ के लिए एक शब्द है।

3. जापान ने कहां पर हुई परमाणु बमबारी की 74वीं वर्षगांठ (6 अगस्त) मनाई _____ **हिरोशिमा।**

नोट:

- प्रधान मंत्री शिंजो आबे ने हिरोशिमा में पीस मेमोरियल पार्क में स्मरणोत्सव का नेतृत्व किया और वहां के निवासियों ने 6 अगस्त, 1945 को बमबारी में मारे गए लोगों की याद में मौन प्रार्थना की, मोमबत्तियां जलाई और पुष्पांजलि अर्पित की।
- **द्वितीय विश्व युद्ध** के अंत में जापान ने **संयुक्त राज्य अमेरिका** द्वारा किए गए दो परमाणु हमलों (पहला हिरोशिमा और दूसरा नागासाकी) का सामना किया।
- बम विस्फोटों में हिरोशिमा में 1 लाख 40 हजार लोगों और नागासाकी में 74 हजार लोगों की मृत्यु हो गई थी।

4. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय **विश्व स्तनपान सप्ताह** मना रहा है _____ **1-7 अगस्त।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- विश्व स्तनपान सप्ताह (WBW) का उद्देश्य माता-पिता के बीच स्तनपान, इसकी शुरुआत, स्तनपान का महत्व और पर्याप्त एवं उचित पूरक आहार के बारे में जागरूकता पैदा करना है।
- मंत्रालय "Empower Parents, Enable Breastfeeding" विषय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

5. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (5वां) प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**7 अगस्त।**

नोट:

- इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा और महिला एवं बाल विकास मंत्री, स्मृति जुबिन ईरानी ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में एक समारोह की अध्यक्षता की।
- भारत में हथकरघा बुनकरों को हर वर्ष इस दिन सम्मानित करने के लिए एक दिवस मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा के योगदान पर ध्यान आकर्षित करता है और बुनकरों की आय में वृद्धि की मांग करता है।

नई नियुक्तियां

1. किसे सर्वसम्मति से **कर्नाटक विधानसभा का अध्यक्ष** चुना गया___ **विश्वेश्वर हेगड़े कगेरी।**

नोट:

- भाजपा सरकार के विश्वास मत जीतने के तुरंत बाद के.आर. रमेश कुमार के विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से यह पद रिक्त हो गया था।
- कगेरी, उत्तर कन्नड़ में सिरसी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- कर्नाटक विधानसभा का अध्यक्ष कर्नाटक राज्य की विधान सभा, जो कर्नाटक की मुख्य कानून निर्माण संस्था है, का पीठासीन अधिकारी होता है।

2. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के **केंद्रीय निदेशक मंडल का निदेशक** किन्हें नियुक्त किया गया ___ **अतानु चक्रवर्ती।**

नोट:

- वर्तमान में, वह वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव हैं।
- श्री राजीव कुमार (नए वित्त सचिव) भी भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल में निदेशक हैं।

3. 22वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन 2019 कहां आयोजित किया जाएगा _____**शिलांग।**

नोट:

- सम्मेलन का विषय 'डिजिटल इंडिया: सफलता से उत्कृष्टता' है।
- यह लोक सेवकों और अन्य लोगों को प्रारंभ से अंत तक सेवा वितरण को बेहतर बनाने में उनके सफल प्रयास के अवसर प्रदान करेगा। 21वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन 26- 27 फरवरी, 2018 को हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित किया गया था।

4. इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व अधिकारी जिन्होंने नागालैंड के राज्यपाल पद की शपथ ली_____ **आर.एन. रवि।**

नोट:

- गुवाहाटी उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, अरूप कुमार गोस्वामी ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- इससे पहले, आर.एन. रवि ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व अधिकारी और नागा शांति वार्ता के एक वार्ताकार के रूप में कार्य किया।

5. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल (28वें) पद की शपथ किसने ली ___ **श्री जगदीप धनखड़।**

नोट:

- कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री टी.बी. राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- श्री धनखड़ ने श्री केसरी नाथ त्रिपाठी की जगह ली।

6. HSBC का अंतरिम CEO (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) और निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया __ **नोएल क्विन।**

नोट:

- नोएल क्विन अंतरिम CEO के रूप में जॉन फ्लिंट की जगह लेंगे।
- क्विन ने वर्ष 1987 में एक अकाउंटेंट के रूप में अर्हता प्राप्त की।
- HSBC बैंक इंडिया का परिचालन मुख्यालय मुंबई में है।
- यह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत एक विदेशी बैंक है और इस प्रकार भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा इसे विनियमित किया जाता है।

7. LIC हाउसिंग फाइनेंस (LIC HFL) के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पदभार किसने ग्रहण किया _____ **सिद्धार्थ मोहंती।**

नोट:

- उन्होंने श्री विनय शाह की जगह ली।
- इससे पहले, वह LIC HFL के COO (मुख्य परिचालन अधिकारी) थे।
- LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LIC HFL) भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस (बंधक ऋण) कंपनियों में से एक है, जिसका पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में है।

8. कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जिन्होंने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया_____ **भुवनेश्वर कलिता।**

नोट:

- राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सदन में घोषणा की कि उन्होंने श्री कलिता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।
- कश्मीर मुद्दे पर सरकार के कदम के खिलाफ पार्टी सदस्यों को व्हिप जारी करने को कहने पर श्री कलिता कांग्रेस से नाराज थे।

9. माइंडट्री लिमिटेड का नया प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किन्हें नियुक्त किया गया ___ **देबाशीष चटर्जी।**

नोट:

- एस.एन. सुब्रह्मण्यन (लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (L&T) के CEO) को गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।
- **माइंडट्री लिमिटेड** एक भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और आउटसोर्सिंग कंपनी है जिसका मुख्यालय भारत के बैंगलोर और अमेरिका के न्यू जर्सी में है।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- कंपनी ई-कॉमर्स, मोबाइल एप्लिकेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, एंटरप्राइज एप्लिकेशन इंटीग्रेशन और एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग से संबंधिक कार्य करती है।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री **श्री प्रहलाद सिंह पटेल** ने कहां पर **मोबाइल लाइब्रेरी बस सेवा** को हरी झंडी दिखाई _____**नई दिल्ली।**

नोट:

- मोबाइल लाइब्रेरी बस सेवा का उद्देश्य दिल्ली में विशेष रूप से मलिन बस्तियों, पुनर्वास कॉलोनियों और ग्रामीण क्षेत्रों में पाठकों तक सेवा पहुंचना है।
- दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी (DPL) की 'घर घर दस्तक घर घर पुस्तक' योजना के तहत पांच-बस मोबाइल लाइब्रेरी सेवा शुरू की गई थी।
- ये बसें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) से CSR (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी) सहायता के तहत खरीदी गई हैं।

2. सूचना और प्रसारण मंत्रालय (I&B) ने किसके स्वर्ण जयंती संस्करण को मनाने के लिए फर्स्ट डे कवर के साथ एक डाक टिकट डिजाइन करने की एक प्रतियोगिता शुरू की_____ **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)।**

नोट:

- इच्छुक व्यक्ति 1 अगस्त से 15 अगस्त 2019 तक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए www.mygov.in (MyGov प्लेटफार्म) पर लॉग इन कर सकते हैं।
- विजेता को एक प्रशंसा पत्र और 50वीं IFFI का हिस्सा बनने के लिए 2 रातों और 3 दिनों का यात्रा एवं आतिथ्य प्रमाण पत्र मिलेगा।
- IFFI दुनिया भर से समकालीन और शास्त्रीय फिल्मों के सर्वश्रेष्ठ संग्रह को दिखाता है।
- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का स्वर्ण जयंती संस्करण 20 से 28 नवंबर, 2019 तक गोवा में आयोजित किया जाएगा।

3. केंद्र सरकार ने किन राज्यों में प्रायोगिक आधार पर **वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना** शुरू की _____ **तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात।**

नोट:

- जिन परिवारों के पास खाद्य सुरक्षा कार्ड हैं, वे इन राज्यों में किसी भी राशन की दुकान से सब्सिडी वाले चावल और गेहूं खरीद सकते हैं।
- इस सेवा का लाभ उठाने के लिए उनके राशन कार्ड का आधार नंबर से लिंक होना अनिवार्य है।
- तेलंगाना में सफेद राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी की सुविधा मिल रही है, जिससे वे राज्य के किसी भी उचित मूल्य की दुकान से अपने सब्सिडी वाले चावल और अन्य खाद्यान्न खरीद सकते हैं।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- आंध्र प्रदेश में अब इसी सुविधा का उपयोग वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत PoS मशीनों के माध्यम से किया जा सकता है, जो दोनों राज्यों में लागू हो गया है।

4. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) कहां पर पश्मीना परीक्षण केंद्र स्थापित करेगा_____**लेह।**

नोट:

- भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) लेह में **लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (LAHDC),** लेह की प्रयोगशाला के साथ साझेदारी में **पश्मीना परीक्षण केंद्र** स्थापित करेगा।
- मानक परीक्षण में प्रयोगशाला, मशीनों और वैज्ञानिकों के पास एकत्र की गई पश्मीना की गुणवत्ता की जांच होगी।
- BIS समय और पैसे की बचत के लिए मानकों को चिह्नित करने में, लेह हिल काउंसिल के सहयोग से स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करेगा।
- **भारतीय मानक ब्यूरो (BIS)** भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था है, जो भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तत्वावधान में काम करती है।

5. दिल्ली के मुख्यमंत्री **अरविंद केजरीवाल** ने घरेलू कनेक्शन के तहत 200 यूनिट बिजली खपत करने वाले लोगों के लिए कब से नि:शुल्क बिजली की घोषणा की _____**1 अगस्त 2019.**

नोट:

- दिल्ली में 200 यूनिट तक की खपत करने वाले लोगों को बिजली का बिल नहीं देना होगा।
- 201-400 यूनिट बिजली की खपत करने वालों को लगभग 50% सब्सिडी मिलेगी।

6. IIT हैदराबाद के वैज्ञानिकों ने भारत में क्या बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली ऑफ-द-शेल्फ डाई का इस्तेमाल करके कम लागत वाले और पर्यावरण के अनुकूल सौर सेलों को विकसित किया _____ **कुमकुम।**

नोट:

- डाई-सेंसिटाइज़्ड सोलर सेल (DSSC) जलीय वैद्युत-अपघट्य और प्लेटिनम-फ्री काउंटर इलेक्ट्रोड के साथ न्यू फुकसिन (NF) डाई पर आधारित है।
- आज सबसे प्रचलित सौर सेल सिलिकॉन के बने होते हैं और विभिन्न ओवरहेड पैनल और अन्य स्थानों पर देखे जा सकते हैं।

7. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कहां पर **इसरो तकनीक संपर्क इकाई** (ITLU) की स्थापना को मंजूरी दी _____**मॉस्को, रूस।**

नोट:

- इकाई रूस और पड़ोसी देशों में पारस्परिक सहक्रियाशील परिणामों के लिए अंतरिक्ष एजेंसियों और उद्योगों के साथ सहयोग करेगी।
- ITLU अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में सहयोग के द्विपक्षीय कार्यक्रमों का समर्थन भी करेगी और इसरो का प्रतिनिधित्व करेगी।
- मंत्रिमंडल ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाह्य अंतरिक्ष की खोज और उपयोग में इसरो और बोलिवियाई अंतरिक्ष सहकारिता एजेंसी के बीच समझौता ज्ञापन को भी मंजूरी दी।

8. मानव संसाधन विकास मंत्री **रमेश पोखरियाल निशंक** ने कहां पर **प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी** का उद्घाटन किया _____**IIT दिल्ली।**

नोट:

- यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम खोजों को दर्शाता है।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- देश भर के संस्थान जांचकर्ताओं द्वारा विकसित 80 से अधिक नवीनतम खोजों और 90 अनुसंधान विज्ञापन प्रोटोटाइप का प्रदर्शनी में प्रदर्शन कर रहे हैं।
- मंत्री ने कहा कि अनुसंधान आम जनों और उद्योग की आवश्यकता के अनुसार होना चाहिए। बाद में मीडिया से बात करते हुए, श्री निशंक ने अनुसंधान समुदाय को सभी प्रकार के समर्थन का आश्वासन दिया।

9. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने किसके द्वारा ली गईं पृथ्वी की तस्वीरों का पहला सेट जारी किया___ **चंद्रयान -2.**

नोट:

- यह तस्वीरें चंद्रयान-2 पर लगे L 14 कैमरे द्वारा ली गईं थी।
- अंतरिक्ष यान के लैंडर विक्रम पर लगा LI-4 कैमरा पृथ्वी के पूर्णतया स्वच्छ और मनोरम दृश्य को दिखा रहा है, यह अभी भी पृथ्वी के चारों ओर घूम रहा है।
- यह इस महीने की 14 तारीख को पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से दूर चला जाएगा और 20 तारीख को चंद्रमा की कक्षा में पहुंच जाएगा।
- इसके बाद पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह से इसकी निकटता को देखते हुए चंद्रमा की तस्वीरें और भी अधिक आकर्षक होंगी।

10. भारत ने कहां से अपनी सभी मौसम वाली ट्रैक-चेसिस क्विक रिएक्शन **सरफेस-टू-एयर मिसाइल** (QR-SAM) का सफल परीक्षण किया _____ **एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर, ओडिशा।**

नोट:

- यह समान परीक्षण रेंज से इस वर्ष में मिसाइल का दूसरा उन्नतिशील परीक्षण (पहला- 26 फरवरी, 2019) था।
- इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया था, QR-SAM हथियार प्रणाली एक त्वरित प्रतिक्रिया वाली नेटवर्क आधारित मिसाइल प्रणाली है, जो सर्च-ऑन-मूव तकनीक में सक्षम है।
- QR-SAM प्रणाली हवाई रक्षा क्षेत्र के लिए दो वाहन समाकृति के साथ लगभग 25 से 30 किमी की सीमा के अंदर कई लक्ष्यों को भेद सकती है।
- यह एक ट्रक पर लगाई जाने वाली मिसाइल है जिसमें 360 डिग्री घूमने, इलेक्ट्रो-मैकेनिकली संचालन की क्षमता, टुर्रेट आधारित लॉन्च यूनिट है।

11. भारत के सबसे बड़े शिक्षा मंथन कार्यक्रम, **स्कून्यूज़ ग्लोबल एजुकेटर्स फेस्ट** (SGEF) का तीसरा संस्करण कहां आयोजित किया गया ____**उदयपुर।**

नोट:

- इस वर्ष के महोत्सव का विषय 'निरंतरता के लिए शिक्षा: अनुरूपता से रचनात्मकता की ओर कदम' (Education for Sustainability: Moving on from conformity to creativity) है।
- यह भारत को अगली वैश्विक शिक्षा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में विचार-विमर्श हेतु 500 से अधिक शिक्षकों को एक मंच पर लाएगा।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- SGEF उद्योग को चलन स्थापित करने वाले समाधानों और सर्वोत्तम अभ्यासों में सहायता करके शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाने वाले व्यक्तियों और संगठनों की पहचान करेगा।

12. संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने **ललित कला अकादमी** का 65वां स्थापना दिवस कहां मनाया ___ **नई दिल्ली।**

नोट:

- मंत्री ने कला शिविर और शिल्पकृति एवं चित्रकला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और एक पुस्तक 'मिथिला की लोक चित्रकला' का विमोचन किया।
- ललित कला अकादमी (या राष्ट्रीय कला अकादमी) की स्थापना सरकार द्वारा देश में और देश के बाहर भारतीय कला की समझ को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली में 1954 में की गई थी।
- ललित कला अकादमी छात्रवृत्ति और एक फेलो कार्यक्रम प्रदान करती है, और भारत तथा विदेशों में प्रदर्शनियों का आयोजन करती है।

13. इसरो के अध्यक्ष **के. शिवन** ने कहां पर स्थित पीन्या में स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस कंट्रोल सेंटर की आधारशिला रखी ___**बेंगलुरु।**

नोट:

- इसरो ने अंतरिक्ष मलबे के निकट आने और टकराव से उच्च कीमत वाली अंतरिक्ष परिसंपत्तियों की रक्षा करने के उद्देश्य से एक अंतरिक्ष स्थितिपरक जागरूकता और प्रबंधन निदेशालय स्थापित किया है।
- नियंत्रण केंद्र बढ़ते मलबे और क्रियाशील अंतरिक्ष परिसंपत्ति को ध्यान में रखते हुए SSAM के लिए पूर्वज्ञात गतिविधियों की सुविधा प्रदान करेगा।
- नियंत्रण केंद्र भारतीय अंतरिक्ष संपत्तियों जैसे निष्क्रिय उपग्रहों, परिक्रमा करने वाली वस्तुओं के टुकड़ों, पृथ्वी के निकट के क्षुद्रग्रहों की सुरक्षा और प्रतिकूल अंतरिक्ष मौसम की स्थिति से संबंधित अनेक गतिविधियां देखेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. जम्मू और कश्मीर (J&K) राज्यपाल शासन ने राज्य में किस टोल-फ्री एम्बुलेंस सेवा के संचालन को मंजूरी दी _____ **102-108.**

नोट:

- **जम्मू और कश्मीर** (J&K) राज्यपाल शासन ने इस सेवा के दायरे में 416 एम्बुलेंस का एक बेड़ा शामिल करने का फैसला किया है, जिसे 24x7 काम करने वाले केंद्रीयकृत कॉल सेंटर के माध्यम से संचालित किया जाएगा।
- योजना 15 अक्टूबर, 2019 तक चालू होगी।
- यह विशेष रूप से गंभीर रोगियों, ट्रॉमा, दुर्घटना पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं और बीमार बच्चों को तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता के लिए चौबीसों घंटे परिवहन प्रदान करेगा।
- 102 एम्बुलेंस सेवा नियोजित आबादी को मुफ्त सेवा प्रदान करेगी।

2. किस राज्य सरकार ने हरियाली संरक्षण और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया ___ **पश्चिम बंगाल।**

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

नोट:

- राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में, **'सेव ग्रीन, स्टे क्लीन'** नामक अभियान शुरू किया।
- राज्य सरकार हरियाली के प्रसार के लिए पूरे राज्य में 1 लाख से अधिक पौधे वितरित करेगी।

3. विश्व का पहला **अल्ट्रा-फास्ट हाइपरलूप प्रॉजेक्ट** स्थापित करने के लिए 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 70,0000 करोड़ रुपये) की योजना को अवसंरचना परियोजना का दर्जा देने वाली राज्य सरकार ___ **महाराष्ट्र।**

नोट:

- परियोजना का लक्ष्य मुंबई को पड़ोसी शहर पुणे से जोड़ना है।
- हाइपरलूप पॉड्स को निर्वात ट्यूब के अंदर वायु में उठाकर ले जाने के लिए चुंबक का उपयोग करते हैं और ऐसी अवस्था उत्पन्न करते हैं जिसमें पॉड्स व्यक्तियों और माल भाड़े को 1,200 किमी प्रति घंटे की चाल से ले जा सकते हैं।
- यह दर्जा प्रॉजेक्ट के लिए 117.5 किमी की दूरी तक फास्ट ट्रैक भूमि अधिग्रहण में मदद कर सकता है जो शहरों के बीच लोगों को लगभग 35 मिनट में पहुंचाएगी।

4. देश में पानी के नीचे से गुजरने वाली पहली परिवहन सुरंग का निर्माण किसने किया ___ **कोलकाता मेट्रो।**

नोट:

- ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरेगा और यह देश में अपनी तरह का पहला नदी मार्ग बन जाएगा।
- अप और डाउन लाइन पर दो सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है, जो लगभग 1.4 किलोमीटर लंबी है।
- यहां हुगली नदी की चौड़ाई लगभग 520 मीटर है और यह सुरंग नदी तल के नीचे से होकर गुजरती है।
- कोलकाता मेट्रो इस पूरी परियोजना पर 8,572 करोड़ रुपये खर्च कर रही है।
- साल्ट लेक सेक्टर -5 से साल्ट लेक स्टेडियम के बीच मेट्रो लाइन में करुणामयी, सेंट्रल पार्क, सिटी सेंटर और बंगाल केमिकल मेट्रो स्टेशन हैं।

5. गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने बालिकाओं के लिए कौन सी कल्याणकारी योजना शुरू की___ **व्हाली दीकरी योजना।**

नोट:

- यह गुजरात में जन्म लेने वाली प्रत्येक बालिका के लिए एक राज्यव्यापी नकद राशि प्रोत्साहन योजना है, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता हेतु महिला जन्म दर को पुरुष जन्म दर के साथ बढ़ाना है।
- राज्य सरकार चौथी कक्षा में प्रवेश के समय प्रत्येक बालिका को 4,000 रुपये का भुगतान करेगी, कक्षा 9 में प्रवेश लेते समय 6,000 रुपये का भुगतान करेगी, 18 वर्ष की आयु में उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश लेते समय 1 लाख रुपये और विवाह के समय अन्य 1 लाख रुपये प्रदान करेगी।

6. केंद्र सरकार ने कहां पर 4,900 करोड़ रुपये की परियोजना **कोसी-मेची नदी जोड़ परियोजना** को मंजूरी दी ____ **बिहार।**

नोट:

- यह मध्य प्रदेश में केन-बेतवा परियोजना के बाद स्वीकृत होने वाली देश की दूसरी प्रमुख नदी जोड़ परियोजना है।
- इस परियोजना से उत्तरी बिहार में बाढ़ को रोका जा सकेगा और बिहार में 2.14 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि की सिंचाई भी हो सकेगी।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- केंद्र सरकार ने सिंचाई उद्देश्य के लिए कोसी के पूर्वी तट पर 76.20 किमी के नहर निर्माण को मंजूरी दी है।
- इस परियोजना का उद्देश्य बाढ़ के कारण लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करना है और इसमें सीमांचल क्षेत्र में हरित क्रांति की शुरूआत करने की क्षमता है।

7. मोहाली ट्रैफिक पुलिस ने किस पर आधारित **3-D स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली** की शुरुआत की _____ **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस।**

नोट:

- यह 3-D तकनीक देश में अपनी तरह की पहली तकनीक है।
- इंटेलाइट्स (Intelights) नामक नई प्रणाली में सेंसर होंगे जो किसी विशेष ओर से आने वाले वाहनों की संख्या के आधार पर स्वचालित रूप से हरे और लाल संकेतों पर चालू होंगे।
- यह एक स्मार्ट नजर वाली वायरलेस सेंसर प्रणाली के साथ कार्य करेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. दक्षिण पूर्व एशिया के विदेश मंत्रियों ने कहां पर आयोजित **52वें आसियान शिखर सम्मेलन** में भाग लिया _____**बैंकॉक, थाईलैंड।**

नोट:

- थाईलैंड के विदेश मामलों के मंत्री, एच.ई. श्री डॉन प्रमुदविनाइक ने 52वीं आसियान विदेश मंत्री बैठक (AMM) के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता की।
- यह वार्षिक बैठक बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के बीच क्षेत्र में व्यापार और समृद्धि सुरक्षा का विस्तार करने के लिए गहन एकीकरण हेतु मेजबान थाईलैंड की ओर से खुला आह्वान है।

2. भारत उन 48 देशों में शामिल है, जिनके नागरिकों को किस सरकार द्वारा पर्यटन उद्देश्यों के लिए वीजा शुल्क में छूट दी गई _____**श्रीलंका सरकार।**

नोट:

- श्रीलंका के पर्यटन मंत्री जॉन अमरातुंगा के अनुसार, पर्यटन के लिए एक महीने का वीजा देने के लिए वीजा शुल्क (20 से 40 अमेरिकी डॉलर) नहीं लिया जाएगा।
- पर्यटक ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं या आगंतुक वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- ईस्टर संडे हमलों के बाद श्रीलंकाई पर्यटन बहुत प्रभावित हुआ है लेकिन पर्यटन अधिकारियों ने दावा किया है कि पिछले महीने से बहाली देखी गई है।

3. महिलाओं को पुरुष 'संरक्षक' की अनुमति के बिना पासपोर्ट प्राप्त करने और विदेश यात्रा करने की स्वीकृति किसने दी _____ **सऊदी अरब।**

नोट:

- आवेदन जमा करने वाले किसी भी सऊदी नागरिक को पासपोर्ट दिया जाएगा।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- यह विनियमन 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए लागू होगा।
- महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने संरक्षकता प्रणाली के खिलाफ दशकों तक अभियान चलाया है।
- यह निर्णय क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा चलाए गए उदारीकरण अभियान के बीच आया।

4. विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2019 (कौशल के लिए ओलंपिक) कहां आयोजित की जाएगी _____ **कज़ान, रूस।**

नोट:

- प्रतियोगिता दुनिया भर के प्रतियोगियों, विशेषज्ञों और उद्योग, शिक्षा और सरकारी मार्गदर्शकों को एक साथ लाएगी।
- कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE), भारत सरकार ने विश्व में कौशल उत्कृष्टता के सबसे बड़े मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 48 सदस्यीय भारतीय दल की घोषणा की है।
- कार्यक्रम में 55 कौशल प्रतियोगिताओं में 60 देशों के 1,500 से अधिक प्रतियोगी भाग लेंगे।

5. चौथा दक्षिण एशियाई स्पीकर (अध्यक्ष) शिखर सम्मेलन कहां आयोजित किया जाएगा _____**माले, मालदीव।**

नोट:

- इस सम्मेलन का विषय 'सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना' (Achieving Sustainable Development Goals) है।
- लोकसभा अध्यक्ष **ओम बिरला** के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।
- चौथा दक्षिण एशियाई स्पीकर शिखर सम्मेलन अंतर-संसदीय संघ (IPU) और मालदीव संसद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

6. केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेतृत्व में **डीप ओशेन मिशन** (DOM) कब से शुरू होगा_____ **31 अक्टूबर 2019.**

नोट:

- मिशन को सरकार की ओर से अनुमति प्राप्त हो गई है।
- कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए मंत्रालय से संबद्ध विभिन्न संस्थानों के लिए व्यय योजना तैयार की जाएगी और उन्हें प्रसारित किया जाएगा।
- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने जुलाई 2018 में कार्यक्रम का खाका तैयार किया था।
- मिशन का मुख्य विषय धातुओं और खनिजों की खोज होगा।

7. अमेरिका किसमें 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर अतिरिक्त 10% शुल्क लगाएगा _____ **चीन के आयात।**

नोट:

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन पर व्यापार समझौते की पूर्ति के प्रति गंभीर न होने और अधिक अमेरिकी कृषि उत्पादों को खरीदने के अपने वादे को निभाने में विफल रहने का आरोप लगाया।
- 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सामान पर पहले के 25% के अलावा नया शुल्क अगले महीने की 1 तारीख से लागू होगा।
- पिछले वर्ष व्यापार युद्ध शुरू होने के बाद से चीन और अमेरिका अब तक दो-तरफा व्यापार में 360 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि पर एक-दूसरे को दंडात्मक शुल्क लगा चुके हैं।

8. सार्वजनिक इमारतों और परिवहन में बुर्के या नकाब जैसे चेहरे को ढंकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगाया और परिधान पर विवादास्पद कानून लागू किया_____**नीदरलैंड।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- 17 मिलियन लोगों के यूरोपीय देश में 100 से 400 महिलाओं के बुर्का या नकाब पहनने का अनुमान है।
- कानून - जो पिछले वर्ष जून में इस विषय पर एक दशक से अधिक की राजनीतिक बहस के बाद पारित किया गया था - चेहरे को ढंकने वाले अन्य सामानों जैसे फुल-फेस हेलमेट, बैलाक्लावस या स्की मास्क पर भी लागू होता है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. ईस्ट बंगाल के सर्वोच्च सम्मान **'भारत गौरव'** से किन्हें सम्मानित किया गया_____ **कपिल देव।**

नोट:

- भारत की प्रथम विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के कप्तान **कपिल देव** (60 वर्षीय) को ईस्ट बंगाल के सर्वोच्च सम्मान **'भारत गौरव'** से सम्मानित किया गया।
- कपिल ने 22 जून, 1992 को ईस्ट बंगाल के साथ अनुबंध किया था और छह दिन बाद कट्टर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान के खिलाफ एक प्रदर्शनी मैच में एक स्थानापन्न फॉरवर्ड के रूप में 27 मिनट के लिए खेले थे।
- बाईचुंग भूटिया को 'आइडेंटिफाइंग एंड नर्चरिंग द आइकन' अर्वाड से सम्मानित किया गया, जबकि भारत के पूर्व कप्तान, मनोरंजन भट्टाचार्य और भास्कर गांगुली को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।
- क्लब ने पी.के. बनर्जी को 'कोच ऑफ कोचेस' पुरस्कार से सम्मानित किया, जबकि लालडानमाविया राल्तेवासा को 'बेस्ट फुटबॉलर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया।

2. यू.के. की राजधानी जिसे लगातार दूसरे वर्ष **छात्रों के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ शहर** चुना गया_____**लंदन।**

नोट:

- नई विश्व रैंकिंग के अनुसार, लंदन ने टोक्यो और मेलबर्न जैसे अंतर्राष्ट्रीय शहरों को पीछे छोड़ा जो क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- रैंकिंग के अनुसार, कुल 120 शहरों की सूची में छात्रों के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ शहर बैंगलोर (81वां) है, इसके बाद मुंबई (85वां), दिल्ली (113वां) और चेन्नई (115वां) है।
- वैश्वक शिक्षा सलाहकार क्यू.एस. क्वाक्यूरेली साइमंड्स द्वारा संकलित 'क्यू.एस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग' प्रत्येक शहर को छह श्रेणियों - शीर्ष रैंक वाले विश्वविद्यालयों की संख्या; शहर की आबादी का अनुपात आदि के आधार रेखांकित करती है।

3. प्रसिद्ध उद्यमी, इन्फोल्ज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और निदेशक जिन्हें **एंटरप्रेन्योर अवार्ड 2019** से सम्मानित किया गया _____ **रूहान राजपूत।**

नोट:

- उन्होंने 'एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर सर्विस बिजनेस - BPO/KPO' श्रेणी में पुरस्कार जीता।
- उनकी कंपनी, इन्फोल्ज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नॉलेज प्रॉसेस आउटसोर्सिंग (KPO) उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक है।
- व्यवसाय के अलावा, रुहान राजपूत ने बॉलीवुड में एक अभिनेता और मॉडल के रूप में भी काम किया है।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- उन्होंने प्रावत राउत की फिल्म 'प्रारब्ध' से फिल्म उद्योग में पदार्पण किया, इसके बाद तीन म्यूजिक एल्बम: 'मोहब्बतियां', 'खिड़की का पर्दा' और 'सइयां रे' में भी नजर आए।

4. विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा देश वर्ष 2018 की वैश्विक **GDP रैंकिंग में 7वें स्थान** पर चला गया___**भारत।**

नोट:

- वर्ष 2018 में 20.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की GDP के साथ अमेरिका शीर्ष अर्थव्यवस्था बना हुआ है।
- चीन 13.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जबकि जापान 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- वर्ष 2018 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि यू.के. और फ्रांस 2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पर थे।

5. भारत के टीवी पत्रकार जिन्होंने अपने नए कार्यक्रम 'प्राइम टाइम' के लिए 'मैग्सेसे पुरस्कार 2019 जीता___**रवीश कुमार।**

नोट:

- प्राइम टाइम कार्यक्रम आम जनों के जीवन की अल्प-सूचित समस्याओं से संबंधित है।
- रवीश कुमार (NDTV इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी संपादक) 2019 मैग्सेसे पुरस्कार के पांच प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं, यह पुरस्कार 'एशिया में साहसिक और परिवर्तनकारी नेतृत्व की महानता" को सम्मानित करता है।
- 2019 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार के **चार अन्य विजेताओं** में **को स्वे विन** (म्यांमार), **अंगखाना नीलापाइजीत** (थाईलैंड), **रेमुंडो पुजांते केयाबयेब** (फिलीपींस) और **किम जोंग-की** (दक्षिण कोरिया) हैं।
- मैग्सेसे पुरस्कार हर वर्ष एशिया में ऐसी निस्वार्थ सेवा और परिवर्तनकारी प्रभाव दर्शाने वाले व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है जो दिवंगत और प्रिय फिलीपींस नेता के जीवन को रेखांकित करते हैं।

6. ब्रिटेन स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स (IStructE) के **'स्ट्रक्चरल अवार्ड 2019'** के लिए संक्षिप्त सूची में किस भारतीय प्रतिमा को शामिल किया गया _____ **स्टैच्यू ऑफ यूनिटी।**

नोट:

- पुरस्कार का उद्देश्य संरचनात्मक इंजीनियरों द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (सरदार पटेल स्मारक) का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवडिया शहर में 31 अक्टूबर, 2018 को किया था।
- यह उन 49 स्मारकों में से एक है जो प्रतिष्ठित पुरस्कार की होड़ में हैं।
- इस पुरस्कार के पिछले विजेताओं में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ओपेरा हाउस, पेरिस में पोम्पीडौ सेंटर और इंग्लैंड में सेवर्न ब्रिज जैसे प्रतिष्ठित स्मारक शामिल हैं।

खेल समाचार

1. भारतीय क्रिकेटर और आंध्र प्रदेश रणजी टीम के कप्तान जिन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की ___ **वेणुगोपाल राव।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- वेणुगोपाल राव ने 16 ODI और 65 IPL मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- राव ने 121 प्रथम श्रेणी मैच खेले और 17 शतक एवं 30 अर्द्धशतकों की सहायता से 7,081 रन बनाए।
- वर्ष 2008-2014 तक वह IPL में डेक्कन चार्जर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेले।

2. ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जो T-20 प्रारूप में 1000 रन बनाने और 100 विकेट लेने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाली पहली क्रिकेटर बनीं___ **एलिस पेरी।**

नोट:

- पेरी क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलने वालीं सबसे युवा खिलाड़ी और क्रिकेट एवं फुटबॉल विश्व कप दोनों खेलने वालीं पहली ऑस्ट्रेलियाई हैं।
- वर्तमान में, पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी (1416 रन और 98 विकेट) यह उपलब्धि हासिल करने के सबसे करीब हैं।
- बांग्लादेश के शाकिब अल हसन 1471 रन और 88 विकेट लेकर इस कतार में पेरी के साथ शामिल होने वाले अगले खिलाड़ी हैं।

3. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 2019-20 सत्र के लिए **एलीट पैनल** में किन दो अंपायरों को शामिल किया _____**माइकल गौफ (इंग्लैंड) और जोएल विल्सन (वेस्टइंडीज)।**

नोट:

- गौफ के पास 9 टेस्ट, 59 एकदिवसीय और 14 T-20 अंतर्राष्ट्रीय तथा विल्सन के पास 13 टेस्ट, 63 एकदिवसीय और 26 T-20 अंतर्राष्ट्रीय का अनुभव है।
- अंपायरों के अमीरात ICC एलीट पैनल के अन्य सदस्य अलीम डार, कुमार धर्मसेना, मरैस इरास्मस, क्रिस गफाने, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, निगेल लॉन्ग, ब्रूस ऑक्जेनफोर्ड, पॉल रेफेल और रॉड टकर हैं।
- इस संदर्भ में **रेफरी का अमीरात ICC एलीट पैनल** डेविड बून, क्रिस ब्रॉड, जेफ क्रो, रंजन मदुगले, एंडी पायक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ के नाम के साथ अपरिवर्तित रहा।

4. 12वीं सरदार सज्जन सिंह सेठी मेमोरियल मास्टर्स प्रतियोगिता में पुरुषों की राइफल 3 पोजिशंस (3P) में स्वर्ण पदक किसने हासिल किया_____ **ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर।**

नोट:

- उन्होंने अंत में 10.7 अंक हासिल करके 459.9 के स्कोर के साथ एक आसान जीत दर्ज की।
- तिनजीत धनोटा (पंजाब) और ईशा सिंह (तेलंगाना) ने क्रमश: पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत के सबसे कुशल 3P निशानेबाज संजीव राजपूत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा और वह 455.5 के स्कोर के साथ ऐश्वर्य से 4.4 अंक पीछे रहे।

5. थाईलैंड के बैंकाक में आयोजित BWF सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी_____ **सात्विकसाईराज रैंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- उन्होंने पुरुषों के युगल वर्ग में विश्व चैंपियंस और तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के ली जून हुई और लियू यू चेन की जोड़ी को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 21-19, 18-21, 21-18 से हराया।
- 2019 थाईलैंड ओपन एक बैडमिंटन टूर्नामेंट है जो थाईलैंड के बैंकॉक में इंडोर स्टेडियम हुमर्क में आयोजित हुआ और इसमें कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर थी।
- यह टूर्नामेंट BWF की मंजूरी से थाईलैंड के बैडमिंटन एसोसिएशन ने आयोजित किया था।

6. वारसॉ में आयोजित पोलैंड ओपन कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक किसने जीता____**विनेश फोगाट।**

नोट:

- विनेश फोगाट प्रतियोगिता के फाइनल में स्थानीय पहलवान रुकसाना पर 3-2 से जीत दर्ज की।
- यह 53 किलोग्राम वर्ग में स्पेन ग्रैंड प्रिक्स और तुर्की के इस्तांबुल में यासर डोगू इंटरनेशनल में स्वर्ण जीतने के बाद उनका लगातार तीसरा स्वर्ण पदक था।

7. ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर जिन्होंने फॉर्मूला 1 हंगरी ग्रैंड प्रिक्स 2019 जीती ____**लुईस हैमिल्टन।**

नोट:

- मर्सिडीज के ड्राइवर हैमिल्टन ने मैक्स वेर्स्टाप्पेन को हराकर रिकार्ड सातवीं बार हंगरी ग्रैंड प्रिक्स जीती।
- **2019 हंगरी ग्रैंड प्रिक्स फार्मूला** वन मोटर रेस है जो हंगरी के मोग्योरोग स्थित हंगेरोरिंग में आयोजित की गई थी।
- यह रेस वर्ष 2019 की 21 फार्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का 12वां राउंड और 35वीं हंगरी ग्रैंड प्रिक्स थी।

8. भारत के सलामी बल्लेबाज जो T-20 प्रारूप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने __ **रोहित शर्मा।**

नोट:

- उन्होंने दो छक्के मारकर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के शीर्ष स्थान की जगह ली।
- अब, दाएं हाथ के बल्लेबाज रोहित शर्मा के इस प्रारूप में 106 छक्के हैं जबकि गेल के 105 छक्के हैं।
- न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल 103 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।
- वर्तमान में, रोहित शर्मा के नाम पर T20I प्रारूप में सर्वाधिक शतक (चार) और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज का रिकॉर्ड दर्ज है।

8. ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी जिन्होंने ATP वाशिंगटन ओपन का खिताब हासिल किया ___ **निक किर्गियोस।**

नोट:

- उन्होंने 10वीं रैंकिंग वाले रूस के खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव को हराया।
- निक किर्गियोस ने अमेरिकी ओपन ट्यून-अप इवेंट में 365,390 अमेरिकी डॉलर का शीर्ष पुरस्कार और अपने करियर का छठा ATP खिताब जीता।

9. जर्मनी की कैंसर शोधकर्ता जिन्होंने 4,000 किमी की वार्षिक मिश्रित साइक्लिंग ट्रांसकॉन्टिनेंटल रेस जीती___ **फियोना कोलबिंगर।**

नोट:

- ऐसा करने वाली वह पहली महिला बनीं।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- वह केवल 10 दिन, 2 घंटे और 48 मिनट के समय में रास्ता तय करने में कामयाब रहीं, जो बुल्गारिया के पूर्वी तट पर बर्गास से उत्तर-पश्चिम फ्रांस में ब्रेस्ट तक था।
- यह रेस साइकिल चालक की पहली अल्ट्रा-डिस्टेंस रेस थी।

----------0----------

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

gradeup

AFCAT II 2019
Online Test Series

1. Based on the Latest Exam Pattern
2. Available in Hindi & English
3. All India Rank & Performance Analysis
4. Detailed Explanation of Solutions
5. Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

Prep Smart. Score Better.

www.gradeup.co